गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन को मिला गीता भवन

प्राधिकरण की कॉलोनी का भी शिलान्यास, संत रविदास गुरु गादी के विकास का भी ऐलान

सांदीपनि लोक, कालभैरव और मंगलनाथ विकास परियोजना का भूमिपूजन

उज्जैन। गुरु पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में धार्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास की कई बड़ी सौगातें दीं। हेलीकॉप्टर से उज्जैन पहुंचने के बाद उन्होंने महर्षि सांदीपनि आश्रम में पूजन-अर्चन किया, संत रविदास महाराज की गुरु गादी पर नमन किया और नव निर्मित गीता भवन का लोकार्पण कर 580 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

गुरु गादी परिसर का होगा विकास

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री वृंदावनपुरा स्थित संत रविदास महाराज की चरण पादुका एवं गुरु गादी भी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक चादर अर्पित कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास के इस पवित्र स्थल को भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा तथा इसके विकास कार्य शीघ्र शुरू किए जाएंगे। उज्जैन भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन सेन के नेतृत्व में उज्जैन उत्तर और दक्षिण में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बड़े पैमाने पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया। मुख्यमंत्री जैसे ही सांदीपनी आश्रम पहुंचे तो उससे पहले खाक चौक चौराहे पर मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सीएम का जमकर स्वागत किया। इसके बाद जब उनका काफिला वी आय पी गेस्ट हाउस पहुंचा तो युवा मोर्चा की टीम ने गीता भवन तक सीएम का भाव बिना स्वागत किया।

लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जयिनी ज्ञान, विज्ञान और इतिहास की भूमि है। भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त कर कर्मयोग का संदेश दुनिया को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कार और आधुनिक तकनीक के समन्वय से मध्य प्रदेश देश का अग्रणी राज्य बनेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 500 शासकीय स्कूलों में एआई आधारित मिशन बुनियाद का शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा विभाग में चयनित नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों, शिक्षकों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। उन्होंने घोषणा की कि लगातार तीन वर्षों तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को एक लाख रुपये और संबंधित विद्यालय को पांच लाख रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

34 करोड़ की लागत से बना गीता भवन

मुख्यमंत्री ने 34 करोड़ रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक गीता भवन का लोकार्पण किया। यहां 1250 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, मल्टीपरपज हॉल और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने 453.40 करोड़ रुपये की लागत से महर्षि सांदीपनि आश्रम, कालभैरव मंदिर और मंगलनाथ मंदिर के विकास एवं विस्तार परियोजना का भूमिपूजन भी किया। साथ ही 78.75 करोड़ रुपये की लागत से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर निर्माण, माधव विज्ञान महाविद्यालय के नए निर्माण कार्यों तथा शहर के तीन पुस्तकालय भवनों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

आभूषण व्यवसायी को लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

मामला चिंतामण थाना क्षेत्र का

उज्जैन। तीन दिन पहले ज्वेलर्स दुकान संचालित करने वाले युवक का रास्ता रोक आभूषण और नगदी लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घेराबंदी में लूट का मुख्य आरोपी और उसका एक साथी घायल हो गया था। मुख्य आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिरासत में आए बदमाशों से पुलिस लूट गए आभूषणों की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

चिंतामन थाना क्षेत्र में 3 दिन पहले इंगोरिया चौपाटी से ज्वेलर्स की दुकान बंद कर लौट रहे सोनू सोनी निवासी तिरुपति सॉलिटेयर को 7 से 8 बदमाशों ने बड़नगर रोड पर हथियार दिखाते हुए लूट लिया था। बदमाश डेढ से 2 लाख रुपये के आभूषण और 50 हजार रुपए नगद लूटकर भाग निकले थे। पुलिस ने सोनू की शिकायत पर बदमाशों की तलाश शुरू की थी। रात में फिर से वारदात के लिए निकले बदमाशों की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी शुरू की और थाना क्षेत्र के ही ब्रिज से 8 बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस की घेराबंदी में दो बदमाश घायल हो गए थे जिन्हें अस्पताल लाया गया। एक बदमाश सुभाष मोगिया को उपचार के लिए भर्ती किया गया। दूसरे बदमाश प्रद्युम्न मोंगिया का प्राथमिक उपचार कराया गया। बताया जा रहा है कि बदमाशों में मुख्य आरोपी सुभाष है उसके साथ प्रद्युम्न, अंकित, दीपक, धीरेंद्र, पदम, महेश और राधेश्याम ने मिलकर लूट को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर लूट गए आभूषण और नगदी बरामद करने का प्रयास कर रही है। संभावना है कि बदमाशों से एक और लूट की वारदात का खुलासा हो सकता है। इसके संबंध में जानकारी जुटा जा रही है।

शिक्षा में भारतीयता का समावेश न्यास का लक्ष्य : डॉ. ढांड

- **शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा**
- **भारतीय शिक्षा दिवस का**
- **सारस्वत आयोजन**

उज्जैन। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की महानगर इकाई द्वारा भारतीय शिक्षा दिवस का सारस्वत आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने न्यास द्वारा संचालित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षाविद् डॉ. राकेश ढांड ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने %देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा का लक्ष्य तय किया है।

चिंतक डॉ. आरएम शुक्ला ने कहा कि अंग्रेजों की शिक्षा व्यवस्था के बदलाव के लिए न्यास निरंतर प्रयासरत रहा है। न्यास ने सीबीएसई के पाठ्यक्रमों में विसंगतिपूर्ण अध्यायों को हटाने के लिए न्यायालयों में याचिकाएं दायर कर सफलता अर्जित की है। उज्जैन की ऐतिहासिक वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने वैदिक गणित के महत्व

को प्रतिपादित करते हुए कहा कि यह न्यास का महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित और खगोल विज्ञान के अध्ययन से गणित के भय को दूर किया जा सकता है। न्यास की महिला कार्य संयोजक डॉ. प्रेरणा मनाना ने महिला सम्मान और संस्कार पर अपने विचार व्यक्त किए।

शिक्षा के लिए समर्पित

भारतीय शिक्षा दिवस पर निर्मला अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी ने कहा कि न्यास का लक्ष्य शिक्षा उत्थान के लिए समर्पित है। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. पंकजा सोनवलकर ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने प्राचार्य को वैदिक कैलेंडर भेंट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शिक्षक एवं न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गुरु पूर्णिमा पर प्रशांति ग्रुप के गुप्ता का सम्मान

उज्जैन। गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा ही समाज और राष्ट्र का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य के साथ 2007 में प्रशांति समूह की स्थापना कर उज्जैन और मालवांचल के प्रमुख शैक्षणिक समूहों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने प्रशांति समूह के संस्थापक लखनलाल गुप्ता को गुरु पूर्णिमा के पावन पुनीत अवसर पर आशीर्वाद प्राप्त कर माहेश्वरी सभा गोला मंडी उज्जैन की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैलाश नारायण राठी, भूपेन्द्र भूतड़ा, प्रकाश चन्द्र सोडानी, विरेन्द्र कुमार गट्टानी तथा नृसिंह देवपुरा ने नारियल भेंट कर मोतीमाला, दुपट्टा तथा शाल ओढ़ाकर , प्रशस्ति पत्र भेंट कर नमन करते हुए सम्मानित किया। वहीं प्रशांति समूह के अविनेश गुप्ता का भी सम्मान किया।

एक नजर में

सिंहस्थ को लेकर शुरू होंगे नए प्रकल्प

उज्जैन। उज्जैन इवेंट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यादे, मध्य प्रदेश डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश यादव और उपाध्यक्ष महेश सोलंकी मौजूद रहे। समारोह में एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी में रोहित पांडे को अध्यक्ष और निखिल शुक्ला को संरक्षक बनाया गया है। इसके अलावा डेविड भारती को उपाध्यक्ष, सचिन गेहलोत को सचिव और साहित्य सेंगर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राशिद अली और ऋषभ जैन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित पांडे ने बताया कि इवेंट एसोसिएशन द्वारा उज्जैन शहर में विभिन्न प्रकार के नए प्रकल्प शुरू किए जाएंगे। इसमें मुख्य रूप से सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए कई नए कार्य शुरू किए जाएंगे।

गुरु के चरणों में समर्पित हुई श्रद्धा

उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमुद शास्त्री ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव गुरुजनों का सम्मान करने तथा उनके आदर्शों का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। आनंद पंड्या एवं सुनीता पंड्या ने मुख्य अतिथि कुमुद शास्त्री का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित श्लोक, भजन, भाषण और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर गुरुओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। संस्थापक आनंद पंड्या ने अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन छात्रा पूर्वी जैन एवं बारहवीं के छात्र काव्य राजदेव ने किया। अंत में आभार माना गया।

गुरु ज्ञान व जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं

उज्जैन। निर्मला महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का उत्सव पूर्ण श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया गया। मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि फादर डॉ. थॉमस केनी थे। अध्यक्षता निर्मला महाविद्यालय के मैनेजर फादर जोस कड़परा ने की। निर्मला महाविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. एंटोनी जोसेफ निप्पेल ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पंकजा सोनवलकर सहित समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। डॉ. रश्मि पंड्या ने आभार माना।

अभिभाषक पर किया चाकू से हमला

उज्जैन। चिंतामण ब्रिज पर रात 11 बजे अभिभाषक को चाकू मार दिए गए। अभिभाषक नशे की हालत में था अस्पताल लाने पर वह उपचार करने को तैयार नहीं था। डॉक्टर ने बमुश्किल उपचार कर भर्ती किया। घायल अभिभाषक को पांच चाकू लगे थे। नीलगंगा थाना क्षेत्र के चिंतामण ब्रिज पर रात 11 बजे एक व्यक्ति को घायल हालत में देख लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पहला मामला दुर्घटना का होना लग रहा था लेकिन घायल का काफी अधिक खून मौके पर फैल गया था। काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची, वहां से गुजर रहे एक नगर सैनिक ने घायल को देखा तो चरक अस्पताल पहुंचाया। घायल नशे की हालत में था वह उपचार करने को तैयार नहीं हो रहा था अस्पताल स्टाफ द्वारा खून अधिक बहता देख उसे काबू में किया गया और उपचार की शुरुआत की गई इस दौरान सामने आया कि उसे पांच चाकू के गहरे घाव लगे हैं। कुछ देर में ही घायल की पत्नी और कुछ परिचित सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गए थे। पत्नी ने बताया कि घायल रवि राज पिता राजाराम बोरासिया 40 साल निवासी विद्यापति नगर है। पेशे से अभिभाषक है पत्नी का कहना था कि वह नशे के आदी हैं और हर दिन आधी रात को घर लौटते हैं। पति के पास मिले मोबाइल से एक व्यक्ति द्वारा घायल होने की सूचना दी गई थी। घायल को डॉक्टर ने भर्ती कर मामले की सूचना पुलिस को दी, घायल नशे की हालत में होने पर कुछ बात नहीं पा रहा था। पुलिस का कहना था कि नशे की हालत से बाहर आने पर उसके बयान दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। पत्नी द्वारा भी घटना को लेकर जानकारी नहीं होने की बात कही है।

कंजर गिरोह के 2 बदमाशों ने तोड़े थे चार मकानों के ताले

- **11 चोरी की बाइक भी बरामद, 3**
- **दिन की रिमांड पर पूछताछ**

उज्जैन। सूने मकानों में चोरी की वारदात करने वाले कंजर गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों से चार मकानों में हुई चोरी का खुलासा होने के साथ 11 चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। बदमाशों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

सूने मकानों में हो रही चोरी की वारदातों में कंजर और पारदी गिरोह के बदमाशों के शामिल होने का सुराग मिलने पर पुलिस द्वारा बदमाशों को ट्रेस किया जा रहा था। जानकारी सामने आते ही कंजर-पारदी डेरों पर दबिश दी गई। शाजापुर के रुलकी डेरे के रहने वाले दो कंजर अविनाश पिता सीताराम हाड़ा और अमिश पिता रंजीत झाझा को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ की गई तो दो थाना क्षेत्र में हुई चार मकानों में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हो गया। वहीं उनकी निशानदेही पर कायथा, इंदौर, माधवनगर, नानाखेड़ा और अन्य थाना क्षेत्र से चोरी की गई 11 बाइक बरामद कर हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों ने नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवधाम और नाकोड़ा धाम कॉलोनी में तीन मकानों के ताले तोड़े थे। वहीं चिमनगंज थाना क्षेत्र में बाफना पार्क कॉलोनी के मकान को निशाना बनाकर लाखों का माल चोरी किया था।

बाफना पार्क की चोरी के आभूषण बरामद

दोनों बदमाश दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देते थे और फरार हो जाते थे। चिमनगंज पुलिस में बाफना पार्क में हुई चोरी की वारदात में शामिल सोने चांदी के आभूषण बरामद किये हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर तीन दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। चिमनगंज पुलिस का रिमांड खत्म होने पर नागझिरी थाना पुलिस अपने क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों में पूछताछ करेगी। वही बाइक चोरी के मामले में नानाखेड़ा, माधव नगर और कायथा थाना पुलिस बदमाशों की फॉर्मल गिरफ्तारी करेगी।

माधव क्लब में मंत्रोच्चार के साथ तैराकी प्रशिक्षकों का सम्मान

उज्जैन। शहर के प्रतिष्ठित श्री माधव क्लब स्थित इंद्रप्रकाश भार्गव तरणताल में तैराकी सिखाने वाले प्रशिक्षकों (गुरुओं) का सम्मान किया गया। गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु और गुरु गोविंद दोऊ खड़े के उच्चारण के साथ प्रशिक्षकों को शॉल, श्रीफल, मोतियों की माला पहनाकर और मिठाई भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की गई।

क्लब के वरिष्ठ सदस्य सुनील हुकमचंद कछवाय ने बताया कि समारोह में स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के टेक्निकल अधिकारी दिलीप जोशी, देवीदास रामचंदानी और अमित यादव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर गवारिकर ने कहा कि गुरु का ज्ञान जीवन का सबसे बड़ा धन और उनका आशीर्वाद सबसे बड़ा वरदान है। डॉ. संदीप चौरसिया ने कहा कि गुरु वह दीपक हैं, जो अज्ञान का अंधकार दूर कर सही मार्ग दिखाते हैं और जीवन को एक उद्देश्य प्रदान करते हैं।

यह सदस्य रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. राकेश सोनकर, डॉ. महेंद्र पाटीदार, डॉ. जुझार हुसैन, प्रकाश मोटवानी, राकेश दीक्षित, वीके गोयल, आनंद अग्रवाल, आनंद गहलोत, प्रदीप सोमानी, रितेश धारीवाल, विष्णु गोयल, पवन दाभाड़े और भूपेंद्र गोयल आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन। मध्यप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा राजेंद्र शुक्ल का। स्वागत एवं सत्कार किया गया।

कोट मोहल्ला क्षेत्र में बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

उज्जैन। चाकूबाजी के आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महाकाल थाना पुलिस ने कोट मोहल्ला क्षेत्र में एक बदमाश का जुलूस निकाला गया। पुलिस द्वारा लगातार चाकूबाजी करने वाले बदमाशों की धरपकड़ कर उनकी परेड कर रही है।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि चाकू बाजी करने वाले आरोपियों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान में रात को कोट मोहल्ला चौराहा पर रहने वाले धर्मेंद्र पिता प्रेमनारायण योगी को तलब किया गया था जिसके खिलाफ पूर्व में चाकूबाजी के साथ से अधिक मामले दर्ज है। आरोपी की गतिविधियां वर्तमान में भी अपराधिक होने पर उसका क्षेत्र में जुलूस निकाला गया और हिदायत दी गई की किसी भी अपराध को अंजाम दिया गया तो जिलाबदर और रासूका की कार्रवाई की जाएगी। महाकाल थाना पुलिस द्वारा एक दिन पहले भी चाकूबाजी करने वालों का जुलूस निकाला गया था। वही चिमनगंज, पंवासा और जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक बदमाशों का भी पुलिस जुलूस निकाल चुकी है। देवास गेट थाना पुलिस द्वारा भी एक चाकूबाज को पकड़ा गया है।

एक नजर में संपूर्ण श्रावण मास में विश्वकल्याण, जनकल्याण की कामना से किया जाएगा अनुष्ठान

महाकाल में गुरु पूर्णिमा से शुरू हुआ पुरोहितों का रुद्राभिषेक

उज्जैन। महाकाल मंदिर में पुरोहितों ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक की शुरुआत की। जनकल्याण एवं विश्वकल्याण की कामना से यह रुद्राभिषेक पूरे श्रावण में निरंतर किया जाएगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर पुरोहित समिति के तत्वावधान में शुरू किए इस अनुष्ठान के पहले दिन बुधवार को मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने पूजन-अर्चन किया। पुरोहित समिति के अध्यक्ष पं. लोकेंद्र व्यास, सचिव दीपक शर्मा सहित पुरोहित शिवम शर्मा, पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुरोहितगण मौजूद रहे।

बगलामुखी में गुरु पूजन करने उमड़े शिष्य

भर्तृहरि गुफा पर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज ने गुरु श्री गोरखनाथ जी महाराज का अभिषेक-पूजन किया। इसके पश्चात दिनभर भैरवगढ़ रोड स्थित प्रसिद्ध बगलामुखी धाम मंदिर पर गुरु पूजन चला। गुरु पूर्णिमा पर यहां श्री सवारिया सेठ व रामेश्वर महादेव की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा की गई। गुरु योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के पूजन हेतु देशभर से सैकड़ों शिष्यों व भक्तों उमड़े व भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

शिव धाम में शुरू नि:शुल्क वेद विद्यालय

मंगलनाथ मंदिर के सामने शिव धाम आश्रम में नि:शुल्क वेद विद्यालय का शुभारंभ धरणी पुत्र सामाजिक शोध संस्थान के अंतर्गत किया गया जहां विद्यार्थियों के रहने व भोजन सुविधा भी रहेगी। विद्यालय संचालक मंगलनाथ मंदिर के महंत पुजारी अमर भारती ने बताया गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूजन-अर्चन कर शुभारंभ महंत गणेश भारती, महंत नरेंद्र भारती, महंत ओम भारती एवं ज्योतिषाचार्य मनोहर गिरि, भागवत प्रवक्ता अशोक भारद्वाज की उपस्थिति में हुआ। समापन में सभी ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।